सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## द्वादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{30 माघ, 1935 (श0)}}{\text{19 फरवरी, 2014 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 135**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 69 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 15 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 09 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 18 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 20 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 135 |

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*110. डॉ0 अच्युतानन्द---स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 जनवरी, 2014 के अंक में छपी खबर "किसी जिले में नहीं बनी आवंटित इंदिरा आवासों की सूची" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों एवं उप-विकास आयुक्तों को वर्ष 2012 और जनवरी, 2013 में पत्र लिखकर इंदिरा आवास योजना अंतर्गत लाभान्वित परिवारों की सूची तैयार करने का निर्देश विभाग द्वारा दिया गया था, ताकि किसी भी लाभुक को दो बार योजना का लाभ लेने से रोका जा सके ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी जिला में उपरोक्त सूची तैयार नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कर्तव्य में लापरवाही करने वाले पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*111. श्री अशोक कुमार सिंह---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में 250 जनसंख्या की बसावट पर मुख्य सड़क से पक्की सड़क/ढलाई कराने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम-चोरौली के लाल मोड़ से ग्राम-भिखमपुर तक ग्राम-चोरौली एवं नगवा की सीमा होकर एन0एच0 101 से एक ईंटाकरण रोड़ जाती है, जिसकी दूरी 2 कि0मी0 है ;

(3) क्या यह बात सही है कि ग्राम-चोरौली के तख्त टोला, गिरि टोला एवं ग्राम-भिखमपुर की आबादी 4,000 है, परन्तु मुख्य सड़क से अबतक पक्कीकरण कार्य नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुल-पुलिया का निर्माण कराते हुये सड़क का निर्माण कराना चाहती है ?

---

पथ का चौड़ीकरण

*112. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखण्ड के वृन्दावन पी0डब्लू0डी0 पथ से फुलवरिया होते हुये कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली आर0डब्लू0डी0 की लगभग 8 कि0मी0 सड़क काफी संकीर्ण एवं जर्जर होने से यातायात में आम लोगों को काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कल्याणपुर मुख्यालय से अधिकाधिक भाग को यह सड़क जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*113. श्री कृष्णनन्दन यादव---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत अतरी प्रखण्ड के ग्राम-नारंगा से मकसूद तक आने-जाने हेतु सड़क नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सडक अतरी एव खिजरसराय प्रखंड को जोडती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सडक को बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सायफन बनाना

*114. श्री शिवेश कुमार––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखण्ड के मलौर नदी पर पूर्व निर्मित सायफन क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण आहर से पटवन नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सायफन को बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---

नहर का जीर्णोद्धार

*115. श्री विनय बिहारी––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत शनिचरी मेन कैनाल से बेलवा माइनर तक नहर का निर्माण सन् 1980 में कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण अवधि से लेकर आजतक एक बार भी नहर का जीर्णोद्धार नहीं कराया गया है, जिसके कारण शनिचरी रिफ्यूजी कॉलोनी, गोरा, बेलवा मिश्र टोला, नवका टोला, दुलारपन्ही समेत दर्जनों गाँवों के खेतों में पटवन का कार्य बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित नहर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*116. श्री सुरेश कुमार शर्मा––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत शहर के भगवानपुर चौराह से शहर की ओर जानेवाली प्रमुख सडक में रेलवे द्वारा उपरगामी पुल का निर्माण किया जा रहा है तथा पुल निर्माण के क्रम में उक्त पथ को बन्द कर दिया गया जिस कारण जिला के पश्चिमी क्षेत्र के लोगों का शहर मे प्रवेश प्रभावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के विकल्प के रूप में भगवानपुर पंचायत अंतर्गत रेवा रोड में भामा साह द्वार से अल्कापुरी होते हुये राष्ट्रीय उच्च पथ 28 तक की पथ है, परंतु उक्त पथ की स्थिति अत्यंत जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्यूबवेल चालू करना

*117. श्रीमती मनोरमा प्रसाद––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के खडडा शेखटोली, पुरेन्द्रपुर, डबरिया पोखरा, डबरिया शेखहजहार, मंगल गुदरिया एवं शियराजपुर में स्टेट बोरिंग का निर्माण वर्ष 2000 में हुआ था, जिससे करीब दस हजार एकड जमीन की सिंचाई होती थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सारे स्टेट बोरिंग पिछले दस साल से खराब होने के कारण बन्द पडे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी खराब ट्यूबवेल की मरम्मती कर चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

* 118. श्री सुरेन्द्र मेहता––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर प्रखंड के बरहारा दूध समिति चौक से गेन्हरपुर ग्राम तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बैरेकेटिंग एवं फूटपाथ का निर्माण

* 119. श्री विजय कुमार सिन्हा––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि हथिदह–भागलपुर एन0 एच0–80 के बालगुदर स्थित टोल टैक्स नाका पर सरकारी टैक्स की वसूली की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन0 एच0 80 का निर्माण कार्य अभी अधूरा है और टैक्स की वसूली से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद के वार्ड नं0 1 से वार्ड नं0 2 जाने में नगरवासियों को टोल टैक्स देना पड़ता है और सघन आबादी वाले क्षेत्र में बैरेकेटिंग एवं फुटपाथ की समुचित व्यवस्था भी नहीं की गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार व्यवस्थित रूप से टैक्स की वसूली के साथ बैरेकेटिंग एवं फुटपाथ की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

* 120. श्री जितेन्द्र कुमार––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के सरमेरा प्रखंड के ग्राम हुसैना की आबादी एन0 एच0 एस0 डाटा के अनुसार 1903 है, परन्तु उक्त गाँव की सड़क किसी मुख्य सड़क से जुड़ा हुआ नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ सी0 एन0 सी0 पी0 एल0 योजना अन्तर्गत प्राथमिकता के आधार पर क्रमांक चार पर है परन्तु सम्प्रति जो सर्वे की सूची तैयार की गयी है उसमें उक्त पथ प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना में शामिल नहीं किया गया है जिसकी सूचना माननीय प्रश्नकर्ता सदस्य ने वर्ष 2013 में मंत्री एवं सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से दी है जिस पर आजतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त भूल का सुधार कबतक करने का विचार रखती है और नही, तो क्यों ?

---

आवास उपलब्ध कराना

* 121. श्री श्रवण कुमार––क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत राजगीर प्रखंड मुख्यालय में महादलित (डोम जाति) के परिवारों को रहने के लिए आवास नहीं रहने के कारण वे खुले आसमान में रहने को मजबूर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवास विहीन एवं भूमिविहीन परिवारों के गरीबों को इंदिरा आवास तथा जमीन देने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवास एवं भूमिविहीन परिवारों को आवास एवं भूमि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सडक का निर्माण

* 122. श्री विनोद कुमार सिंह---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड अतर्गत दनिहीं पंचायत के राधानगर प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक के संतोला बधौरा, चकधा बलतर भवानीपुर होते हुए गोरखपुर शिव मंदिर ग्राम तक लगभग 08 कि0 मी0 की सडक जर्जर है जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सडक का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सडक का निर्माण

* 123. श्री हरिनारायण सिंह---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल हरनौत के प्रखण्ड चण्डी के ग्राम पंचायत चण्डी के ग्राम कोरूत एवं ग्राम पंचायत, महकार के ग्राम रैसा की जनसंख्या लगभग चार (4) हजार है, परन्तु दोनों ग्राम पक्की सडक से नहीं जुडा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोनो ग्रामों के सडकों का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

* 124. श्री दिनेश प्रसाद---क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत झपहा–शिवहर पथ में अली नेउरा चौक से ग्राम सहजपुर कोठी जाने वाली सडक अत्यंत जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के उच्चीकरण, सुदृढीकरण एवं मजबूतीकरण के लिये दो वर्ष पूर्व निविदा आमंत्रित की गयी थी परंतु गलत एलायनमेंट होने के कारण निविदा रद्द करनी पडी और सडक का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के पुनर्निर्माण हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूरा करना

* 125. श्री जवाहर प्रसाद---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम विधान–सभा क्षेत्र के विधायक के क्षेत्रीय विकास निधि से वर्ष 2009–10 में तिलौथु प्रखण्ड मे छः सामुदायिक भवनों की स्वीकृति हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सभी सामुदायिक भवनों का कार्य अधूरा है, परन्तु राशि की निकासी कर ली गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवनों का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*126. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय 'पप्पू'––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड के कुचायकोट ग्राम में रेलवे ढाला से विरेन्द्र शर्मा के घर तक की सम्पर्क सड़क विगत 3 वर्षों से काफी जर्जर अवस्था में हो जाने के कारण ग्रामीणों तथा स्थानीय पदाधिकारियों को प्रशासनिक नियंत्रण में काफी बाधा होती है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सम्पर्क पथ की मरम्मती करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*127. श्री जितेन्द्र कुमार राय––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखण्ड के डबरा नदी के दायें तटबंध के किनारे मढ़ौरा से टेहटी तक घनी आबादी अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तटबंध पर आवागमन के लिये बारहमासी सड़क नहीं रहने के कारण इस क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मढ़ौरा प्रखण्ड अन्तर्गत मढ़ौरा से टेहटी तक डबरा नदी के तटबंध पर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*128. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के पहरा पंचायत में पहरा पहाड़ से नहर होते हुये मटया पहाड़ तक जाने वाली कच्ची सड़क अभीतक पक्कीकरण नहीं हुआ है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*129. श्री शिवेश कुमार––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गड़हनी प्रखण्ड में गड़हनी बागर रोड जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, जिससे इलाके के ग्रामीण यातायात की सुविधा से वंचित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*130. श्री गोपालजी ठाकुर––क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के परडी पंचायत मुख्यालय में, बहेडी प्रखंड के इनाई पंचायत मुख्यालय में, समधपुरा पंचायत मुख्यालय में, हावीडीह मध्य पंचायत मुख्यालय में, बेनीपुर प्रखण्ड के हरिपुर पंचायत मुख्यालय हरिपुर में, रमौली पंचायत मुख्यालय, रमौली में तथा सझुआर पंचायत मुख्यालय में पंचायत सरकारी भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में पंचायत सरकारी भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

--------

सडक का निर्माण

*131. श्री राम बालक सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर विधान–सभा के बी0डी0एन0आर0 दलसिंहसराय से शाहपुर सडक का निर्माण दो वर्ष पूर्व हुआ था, जो टूटकर जर्जर हो गया है जिससे दलसिंहसराय मुख्यालय जाने में लोगों को कठिनाई का सामना करना पडता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सडक का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेट बोरिंग लगाना

*132. श्री नीरज कुमार सिंह––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत उदाकिशुनगंज प्रखंड के बुधमा पंचायत में एक भी स्टेट बोरिंग नहीं है, जिससे उक्त पंचायत के किसानों को सिंचाई में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में स्टेट बोरिंग बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ बनाना

*133. श्री शैलेश कुमार––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के धरहरा प्रखंड के एन0एच0 80 धरहरा से महरना पथ आजतक नहीं बना है जबकि रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाला एक मात्र पथ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ पर तीन पुलों का निर्माण कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथ को कबतक बनाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*134. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के ग्राम पंचायत मोकमा महादलित टोला से पोखर पार होते हुए महादलित टोला कैलास सादा के घर से आगे शर्मा टोला होते बरसिंघा तक की कच्ची सड़क काफी जर्जर अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को खासकर बरसात के दिनों में आने-जाने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नाला की सफाई

*135. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड उचकागाँव के ग्राम पंचायत राज त्रिलोक के ग्राम रघुआ से निकलने वाला भटनी नाला राजापुर पिड़रा, बलेसरा, असनन्द टोला, धर्मन टोला होते ब्रलीभद्र पट्टी के पास दाहा नदी में मिलती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त नाला की सफाई लगभग तीन वर्षों से नहीं होने से बरसात के समय में किसानों का हजार हेक्टेयर धान की फसल बाढ़ में डूब जाता है जिससे किसानों को काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त नाला की सफाई कराकर किसानों को बाढ़ से निजात दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन चालू करना

*136. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया चौरास्ता-करजा पथ, करजा-बरजा पथ एवं बरजा से बासदेवपुर पथ जर्जर होने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराकर आवागमन चालू करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*137. श्री ललन राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत एन०एच० 139 औरंगाबाद से संडा, हरीहरगंज तक सड़क काफी क्षतिग्रस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 12 अगस्त, 2013 को स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती एवं दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

पथ का निर्माण

*138. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड में जी०टी० रोड पिपरघट्टी से अच्छमा, बाड़ी केवाल, इंद्रपुर, सुल्तानपुर, मोहनडीह, सोहनडीह होते कोठवारा बाजार तक 11 कि०मी० सड़क काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में शामिल कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*139. श्री रामानन्द यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखंड के ग्रामपंचायत दरियापुर भेलवाड़ा के ग्राम कामताचक में श्री रामनन्दन पासवान के घर से श्री राम नारायण साव के घर होते हुए देवी स्थान महादलित टोला तक नाला एवं सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे वहाँ के निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर भू-गर्भ नाला एवं सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

तालाब का जीर्णोद्धार

*140. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंडान्तर्गत ग्राम मोरौना में करीब 30 एकड़ आम गैर मजरूआ जमीन में कृषि की सिंचाई हेतु पानी को संरक्षित रखने के लिए आजादी के समय से ही एक तालाब निर्मित है, जिसमें अपशिष्ट पदार्थ भर जाने एवं तटबंध जीर्ण शीर्ण होने के कारण पानी संरक्षित नहीं रह पाता है, जिससे किसानों को कृषि कार्य में बाधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*141. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत राणाडीह से मनिया धर्मशीला तक सड़क का निर्माण आजतक नहीं हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*142. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत नगर प्रखंड के पीच रोड से झुनीस्तबरार तक जाने वाली सड़क 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण कराना

*143. श्रीमती उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड अंतर्गत जम्हारू इमामगंज, मुंगिला में लोआई नदी में वीयर निर्माण का कार्य वर्ष 2010 में प्रारंभ किया गया था, परन्तु 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

पथ का निर्माण

*144. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड बाराचट्टी में सरमा बाजार मुख्य पथ से धनावाँ गाँव होते हुये पदुमचक मोड़ तक लगभग 5 कि०मी० सड़क अत्यंत जर्जर है जिस कारण आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

आहर का जीर्णोद्धार

*145. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंडान्तर्गत ग्राम पड़सर में करीब 1500 मीटर लम्बा एवं 200 मीटर चौड़ा आम गैर मजरूआ जमीन में कृषि की सिंचाई हेतु पानी को संरक्षित रखने के लिये आजादी के समय से ही एक आहर निर्मित्त है, जिसमें अपशिष्ट पदार्थों के जमाव एवं तटबंध यत्र-तत्र टूट जाने से पानी संरक्षित नहीं रह पाता है, जिससे कृषि कार्य बाधित होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आहर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*146. श्रीमती (डॉ०) रंजू गीता--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानकट प्रखंड के महदैया रेलवे पुल से बहेड़ा आहिदपुर, डोरपुर मझौर होते हुये सोनमा चौड़ तक जाने वाली नहर तथा नहर के दोनों तरफ का जमींदारी बाँध मृत प्राय: हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित नहर और जमींदारी बाँध मृत प्राय: होने से नानपुर बोखड़ा प्रखण्डों के लाखों एकड़ जमीन में लगी फसलों के साथ बाढ़ के दिनों में आम-आवाम का भारी नुकसान होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित नहर बाँध का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मानदेय का भुगतान

*147. श्री अरुण शंकर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जनवरी, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "29 महीने से मानदेय का भुगतान लंबित" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में बाल श्रमिक विशेष विद्यालय के शिक्षकों का मानदेय का भुगतान विगत् 29 माह से लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा मानदेय भुगतान सहित अन्य माँगों की पूर्ति हेतु दिनांक 16 जनवरी, 2014 को जिला समाहरणालय, मधुबनी के समक्ष धरना दिया गया है, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों के शिक्षकों को लंबित मानदेय भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

फ्लैंक का निर्माण

*148. श्री अरुण माँझी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एन०एच० 83 पटना मसौढ़ी पथ में टरवाँ, पुनपुन रक्षा बाँध से पुनपुन स्टेशन, अकौना मोड़ एवं मोरहर पुल से नदवाँ सरवाँ रेलवे गुमटी, मसौढ़ी अनुमंडल तक दोनों तरफ फ्लैंक नहीं रहने के कारण जान-माल का खतरा बना रहता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जगहों के दोनों तरफ फ्लैंक निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन बनाना

*149. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत गौरीपुर गाँव में सामुदायिक भवन नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को सार्वजनिक काम में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर सामुदायिक भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*150. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया नगर पंचायत से पश्चिम टाल क्षेत्र के घाघा सोती में पुल नहीं रहने से नगरवासियों के आवागमन नहीं होने के कारण नगरवासियों का ट्रैक्टर एवं अन्य साधन उस पार नहीं पहुंच पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार घाघा सोती में पुल बनाने का विचार विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का कालीकरण

*151. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड दुर्गावती में जेवरी डी०के० मेन रोड से पचीलखी गाँव से अनिल सिंह के घर होते हुए गंगा श्रीवास्तव के घर तक पक्की सड़क नहीं है, जिससे उक्त गाँव के ग्रामीण जनता को बरसात के दिनों में आवागमन बंद हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव के पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*152. श्री (मो०) अफाक आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के चक महियार के महादलित टोला से कनखुदिया होते हुए रोड नं० 85 तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का निर्माण

*153. श्री नीरज कुमार सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अंतर्गत बसंतपुर एवं छातापुर प्रखंड होकर गुजरने वाली सुरसर नदी के दोनों तरफ का सुरक्षा बाँध 2008 के बाद में ध्वस्त हो चुका है, जिससे बरसात के दिनों में दर्जनों पंचायतों में पानी घुस जाता है तथा हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो जाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नदी के दोनों तरफ के सुरक्षा बाँधों को पुनर्निर्माण कराने एवं ग्रामीणों को क्षतिपूर्त्ति देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*154. श्री वैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड मोरवा के ग्राम पंचायत राज गुनाई बसही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क श्री राजा सहनी के घर से दक्षिण एवं पश्चिम जाने वाली वैशाली जिला के कपसारा चौक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क तक पथ का निर्माण एवं नून नदी के मध्य में आर०सी०सी० पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आम नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ एवं आर०सी०सी० पुल का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

पुल का निर्माण

*155. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- -

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बैसा प्रखंड के रौटा बाजार से ग्राम चन्नी जाने वाली प्रधानमंत्री पथ में चन्नी धार में पुल का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त पथ में "अनब्रिज" गैर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में पुल के नहीं बनने से लगभग 50,000 से अधिक आबादी प्रभावित है एवं दूर दराज से आमजनों को माल ढुलाई एवं आवागमन में असुविधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चन्नी धार में पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*156. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के समेली प्रखंड के खैरा पंचायत के लालचन्द खैरा ग्राम में एन०एच० 31 हनुमान मंदिर से सड़क शुरू होकर उत्क्रमित चकला खैरा उच्च विद्यालय होते हुए समेली-नौरहिया सड़क के अरविन्द मंडल के घर तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गयी हो गयी है जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*157. श्री बृज किशोर बिन्द—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के करजी गेट करगाँव होते हुए बभनियाँ गाँव तक की सड़क काफी जर्जर अवस्था में है, जिस करण आये दिन अप्रिय घटनाएँ घटते रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*158. श्री अख्तरुल ईमान—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड कोचाधामन की मुख्य सड़क रहमताड़ा से सोन्था के बीच मुर्गी गेदी के निकट अवस्थित स्क्रू पाईल पुल की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है जिस कारण भारी वाहनों का आवागमन बाधित है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मुर्गी गेदी पुल के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*159. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के प्रखण्ड तिलौथु के चन्दनपुरा-तिलौथु रोड से ग्राम-लोहर डीह तक का पथ अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है जिससे दर्जनभर गाँवों के लोगों को प्रखण्ड मुख्यालय से आना-जाना प्रभावित हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*160. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड के रामपुर, आमी पंचायत एवं दरियापुर प्रखंड के अदमापुर कमालपुर को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई नहीं करने का औचित्य

*161. डॉ० उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग को संबोधित संयुक्त निर्वाचन आयुक्त-सह-अपर सचिव के पत्रांक स्थापना 10/53/2013-2447, दिनांक 27 सितम्बर, 2013 द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दुल्हिन बाजार को राज्य निर्वाचन आयोग के वाद सं० 91/2011 के अनुपालन में इनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा किये जाने के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*162. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के सुखासन पंचायत के ग्राम-सुखासन में तिलावे नदी पर लौह पुल के समीप स्लूईस गेट के अभाव में दो सौ एकड़ जमीन असिंचित है, जिससे किसानों को कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त लौह पुल के समीप तिलावे नदी में स्लूईस गेट बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*163. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत लखैपुर से पहाड़पुर तक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत सड़क निर्माण प्रगतिधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखैपुर व पहाड़पुर के बीच दो छोटी नदी नेताने तथा पैमार पर पुल निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे पथ की उपयोगिता कम हो जायेगी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नेताने नदी तथा पैमार नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*164. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारु प्रखंड के अन्तर्गत पहरा पंचायत में बभनी गाँव से गनौरी डिल्हा होते हुये नहर तक जाने वाली सड़क कच्ची है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गुणवत्ता की जाँच

*165. श्री इजहार अहमद—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेरा रजिस्ट्री कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये आवासीय भवन एवं यात्री शेड का दो वर्ष पूर्व निर्माण हुआ था, लेकिन निर्माण कार्य में गुणवत्ता के अभाव में भवन एवं यात्री शेड का छत बरसात में रिसता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

सड़क की मरम्मती

*166. श्री विभाष चन्द्र चौधरी  क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के समेली प्रखंड के चान्दपुर पश्चिम पंचायत के स्टेट हाइवे 77 से सड़क शुरू होकर वेष्णव देवी स्थान, मलमपुर तक की सड़क जर्जर हो गयी है, यदि हाँ; तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*167. श्रीमती पुनम देवी यादव  क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया शहर की सुरक्षा के लिये 13 करोड़ 39 लाख प्राक्कलित राशि से 28 किलो मीटर शहर सुरक्षा बाँध का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2008 से प्रारंभ हुआ है, जो अबतक बभनगाँवा, बेलासिमरी, भदास आदि मौजे में 5 कि॰मी॰ बाँध का निर्माण का कार्य भू अर्जन नहीं होने के कारण अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार खगड़िया शहर सुरक्षा बाँध को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल पुलिया का निर्माण

*168. श्रीमती उषा सिन्हा  क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा प्रखण्ड के कोरमा पंचायत के ग्राम हसनपुर, दामोदरपुर एवं कोरमा गाँव में लघु जल संसाधन विभाग द्वारा पईन की खुदाई का कार्य 2011 में ही पूरा हो गया है किन्तु उक्त पईन में तीन स्थानों पर पुल पुलिया का निर्माण नहीं होने के कारण खेतों के आर पार कृषि यंत्रों यथा ट्रैक्टर, पावरटीलर के साथ साथ लोगों का आवागमन बाधित हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के पईन में पुल पुलिया का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*169. श्री सुरेश कुमार शर्मा  क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत शहरी विधान सभा क्षेत्र में मझौली खेतल पंचायत की राष्ट्रीय उच्च पथ 28 से मझौलिया रेलवे गुमटी तक की सड़क अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*170. श्री श्याम बिहारी प्रसाद : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत आदापुर प्रखण्ड के ग्राम सिरिसीयामाल से मुसहरवा ग्राम होते हुये नेपाल बॉर्डर तक जाने वाली पथ पर ग्राम सिरिसीयामाल से उत्तर बगही नदी पर पुल नहीं रहने के कारण उक्त पथ दो भागों में विभक्त है, उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्राम सिरिसीयामाल से उत्तर बगही नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्लुईस गेट बनाना

*171. श्रीमती पूनम देवी यादव : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखण्ड के गोगरी, नारायणपुर तटबंध में उदयपुर ढ़ाला से लगार के बीच पीपलगाछ, चिनकट्टा के निकट करलैया चक, नयागाँव, रहीमपुर, परबत्ता, चैमठा, कुशरी, खिराडीह, अगवानी आदि गाँवों का पानी स्लुईस गेट नहीं रहने के कारण जमा हो जाता है, जिससे इन गाँवों के 25,000 आबादी का जन जीवन बाढ़ एवं बरसात के दिनों में नारकीय हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त तटबंध में स्लुईस गेट बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*172. श्री विनोद कुमार सिंह : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत झौआ से गोशना तक 27 कि०मी० की महानंदा बाँध की मरम्मती, सुदृढ़ीकरण, ऊँचीकरण तथा ईंट सोलिंग कार्य वर्ष 2012 में किया गया जो वर्ष 2013 की वर्षा में क्षतिग्रस्त हो गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त बाँध के लिये दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*173. श्री रामदेव महतो : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत पाड़ी सनौर होते हुये रानपुर तक जाने वाली सड़क का निर्माण वर्ष 2011 में प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत प्रारंभ कर वर्ष 2013 तक पूर्ण करना था, परन्तु अबतक मात्र 30 प्रतिशत ही कार्य हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है ?

नलकूप चालू करना

*174. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान सभा क्षेत्र के शेखोपुर, लखनपट्टी, कसौर, फतेहपुर, सिरहा, मधुटोल, नथ्थुद्वार, सादीपुर, खतुआहा, शोभन इत्यादि दर्जनों ग्रामों में लगे राजकीय नलकूप दस वर्षों से बन्द पड़े हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि बन्द पड़े नलकूपों के कारण 1500 एकड़ कृषि योग्य भूमि सिंचाई सुविधा से वंचित है;

(3) यदि उक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े राजकीय नलकूपों को चालू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*175. श्री छेदी पासवान—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड कुदरा के पास कुदरा रामपुर के बीच दुर्गावती नदी पर पुल नहीं रहने के कारण ग्राम पंचायत मेढ़डा एवं डेरवाँ पंचायत के लोगों खासकर गर्भवती महिलाओं और रोगियों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

"क" *176. श्री रामानन्द राम—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के प्रखंड गढ़पुरा, बखरी एवं नावकोठी को जोड़ने वाली भुई धारा पुल वर्ष 2004 में बाढ़ के समय ध्वस्त हो गया है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ध्वस्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करना

*177. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला में सिंचाई हेतु लगाये गये 521 नलकूपों में से 394 नलकूप बंद पड़े हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य उक्त बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नोट— "क" प्रथ निर्माण विभाग से ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरण ।

बाँध का निर्माण

*178. श्री जितेन्द्र कुमार राय—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गंडकी नदी, गोबरिया नदी एवं डबरा नदी अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक बाढ़ नियंत्रण कार्य प्रमंडल, छपरा द्वारा इन नदियों के अंतिम छोर के 4 कि०मी० में ही बाँध का निर्माण किया गया है और शेष भाग को छोड़ दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त नदियों में नगरा एवं मढ़ौड़ा प्रखंडों के इलाकों तक बाँध नहीं होने के कारण प्रति वर्ष 2 लाख की आबादी को बाढ़ का सामना करना पड़ता है और उन्हें काफी आर्थिक क्षति होती है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में बाढ़ से बचाव हेतु नदियों के किनारे बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*179. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के अमौर प्रखंड में वियर पाड़ा पंचायत के अन्तर्गत हिच्छा मोती धार में पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*180. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला मुख्यालय से बड़हरिया (सीवान जिला) जाने वाली सड़क दो वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिससे आवागमन बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूरा करना

*181. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिन्द प्रखंड के मुख्य मंत्री सेतु योजना के तहत ग्राम तारनीपुर, बिशुनपुर के बीच गोईठया नदी पर एवं सरमेरा प्रखंड के ग्राम राजीचक खोजकीपुर के बीच धनाईन नदी पर पुल निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2011-12 में कार्यारम्भ किया गया था, जिसे वित्तीय वर्ष 2013-14 में पूरा किया जाना था, जो अबतक अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इसमें लापरवाही बरतने वाले संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये अबतक उक्त कार्यों को पूरा कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*182. श्री अवधेश कुमार राय---क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं0 31 बेगूसराय स्टेशन से साहेबपुर कमाल तक पूर्णतः जर्जर गड्ढे में तब्दील है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती कराना चाहती है ?

---

कटाव से बचाव

*183. श्री शैलेश कुमार---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के खडगपुर प्रखण्ड अंतर्गत मुंदेरी पंचायत के अगैया पुल से सटे सडक का कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सडक का कटाव रोकना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*184. श्री कृष्ण कुमार ऋषि---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखण्ड के उरिमुडी पंचायत में रसाढ़ से बोतल टोला गाँव जाने वाली सडक के मध्य भाग में धार के बोतल टोला घाट पर पुल नहीं है, जिससे आम जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मारा धार पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*185. श्रीमती गुड्डी देवी---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड के गंगवारा से टिकौली पथ 4 वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ बनाना

*186. श्रीमती सुजाता देवी---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मलाढ़ के ग्राम थरिया तथा परसामाधी पंचायत के ग्राम कुसहा में वर्ष 2011–12 में मुख्य मंत्री सेतु योजना द्वारा बने पुल का पहुँच पथ नहीं बनने से आवागमन बाधित है, जिससे आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुलो का पहुँच पथ बनाने का विचार रखती है ?

पुल बनाना

*187. श्री छेदी पासवान––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड मोहनिया के ग्राम चौर से पक्की सड़क ग्राम छोटका कुल्हड़िया, कैथिया, बटुपर होते हुये एन0एच0 30 मार्ग में ग्राम कटरा कला के पास मिल जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम कैथिया के पास कुदरा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन में आमलोगों के साथ ही साथ पुलिस प्रशासन को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कैथिया के पास उक्त नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*188. श्री मनोहर प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अंतर्गत चाँदनी चौक से कुरसेला तक की सड़क बिल्कुल जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क उस इलाके के महत्वपूर्ण मनसाही हाट के लिये एक मात्र रास्ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*189. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखंड में ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, मोतिहारी द्वारा वर्ष 2008–09 में ही भवानीपुर से जलहा गाँधी चौक तक की सड़क को प्रधानमंत्री सड़क योजनान्तर्गत मिट्टीकरण का कार्य प्रारंभ हुआ था जो अबतक अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का कार्य वर्ष 2009 में ही समाप्त कर दिया जाना था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधूरे पड़े सड़क निर्माण का कार्य पूरा कराना चाहती है तथा विलम्ब के लिये जिम्मेवार पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*190. श्री कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी प्रखंड के ग्राम भौटरा से ग्राम बगोदर बिगहा जाने हेतु कोई सड़क नहीं है जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*191. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम कोइनी एन०एच० 28 से ग्राम मधुसरैयां-सहलादपुर तक जाने वाली आर०ई०ओ० सड़क वर्ष 2005 से ही बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो गयी है जिससे आवागमन बिल्कुल बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है,यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क बनाना

*192. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के एस०एच० रजौड़ा चौक से चाँदपुरा तक की सड़क जर्जर हो चुकी है,, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*193. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड मोरवा के मोरवा दक्षिणी पंचायत के ग्राम आनन्दपुर लचका से उत्तर प्रखंड मुख्यालय जाने वाली पथ के पोखरा त्रिमुहानी मुख्य मंत्री ग्राम पथ तक पथ की हालत अत्यंत ही जर्जर है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ में पी०सी०सी० कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

सड़क का निर्माण

*194. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड के ग्राम गोगो, बेलाई, बैरिया, दरूआ-गम्हरिया, नोनिया बिगहा, चिरैली-देवराज बिगहा तथा बारून प्रखंड के ग्राम सतुआही, काजीचक, कर्माकुशमी, कतया आदि गाँवों की आबादी 1000 (एक हजार) से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी गाँवों में सड़क नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक, उक्त ग्रामों में सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*195. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के लाखों शाहपुर भैरवार चौक तक की सड़क पूर्णत: जर्जर एवं गड्ढे में तब्दील हो गयी है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती तथा जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है ?

---------

पथ की मरम्मती

*196. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के बैरिया प्रखंड में संतघाट से पुजहा तक 12 कि०मी० सड़क बिल्कुल जर्जर हो गयी है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तटबंध की मरम्मती

*197. श्री इजहार अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कमला नदी का पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध रसियारी पुनांच एवं मल्लाई तक तथा पश्चिमी तटबंध से मनौबारा झमटा को निविदा आमंत्रित करने हेतु निर्णय एक वर्ष पूर्व ही लिया गया है, परन्तु आजतक निविदा आमंत्रित नहीं की गई है, जिससे पूर्वी तटबंध पर आवागमन ठप है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कमला नदी के पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध से मनौवारा झमटा तक जर्जर तटबंध की मरम्मती करने हेतु निविदा आमंत्रित करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

बोरिंग चालू करना

*198. श्रीमती सुनीता सिंह : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बेलसंड प्रखण्ड के पचनौर गाँव से वर्ष 1995 में बोरिंग गाड़ा गया परन्तु विद्युत ट्रांसफार्मर के नहीं लगने के कारण बोरिंग चालू नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2004 के भयंकर बाढ़ के कारण उक्त बोरिंग धंस गया एवं उसका मशीन खराब हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बोरिंग को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्या ?

नलकूप चालू करना

*199. श्री बृज किशोर सिंह : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के बीरहीमा में तीन नलकूप, कथरिया में एक नलकूप, हरनाही क्षेत्र में पट्टी में एक नलकूप, कशाही में एक नलकूप सहित 25 नलकूप 10 वर्षों से यांत्रिक दोष से खराब है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप खराब होने से किसानों का सिंचाई कार्य नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का जीर्णोद्धार

*200. श्री जावेद इकबाल अंसारी : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला अंतर्गत बाराहाट प्रखण्ड के राजस्व ग्राम फुलहरा मुलुक में जमींदारी बाँध कमलपुर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमींदारी बाँध जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, जिससे हजारों एकड़ किसानों की जमीन सिंचाई से वंचित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कमलपुर जमींदारी बाँध के जीर्णोद्धार के लिए कौन सी कार्रवाई करना चाहती है और कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*201. डॉ० अच्युतानन्द : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार कार्य प्रमण्डल के अधीन अब्दुला चौक के हजरते जन्दाहा गाँधी चौक, बिदियां चौक जन्दाहा से लोभा पीरापुर और चमरहारा से दारापुर तक सड़क की मरम्मती का कार्य कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़कों की मरम्मती हेतु प्राक्कलन में मिट्टी डालने का प्रावधान है, लेकिन कहीं भी मिट्टी नहीं डाला गया है तथा प्रीमिक्सिंग 20 एम०एम० की जगह मात्र 10 एम०एम० और सीलकोट 6 एम०एम० की जगह मात्र 4 एम०एम० ही किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़कों के निर्माण की उच्चस्तरीय जाँच कराने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई

*202. श्री विक्रम कुँवर : क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत रघुनाथपुर प्रखंड में इंदिरा आवास में की गई घोर अनियमितता की जाँच कर दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु विभागीय मंत्री के पत्रांक मं०स०प्र० सं० 1267/ग्रा०, दिनांक 24 सितम्बर, 2012 के द्वारा सचिव, ग्रामीण विकास विभाग को आदेश दिया गया परन्तु अभीतक आदेश का कार्यान्वयन नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जाँच कराकर अनियमितता करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

पथ का कालीकरण

*203. श्री अम्बिका सिंह :-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड दुर्गावती में सोहपुर मेन रोड से मनीपुर गाँव होते हुए सुढ़ियां गाँव के महादलित बस्ती तक पक्की सड़क नहीं है, जिससे उक्त गाँव के ग्रामीण जनता का बरसात के दिनों में आवागमन बंद हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव के पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूपों को चालू करना

*204. श्री अख्तरूल ईमान : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में 124 नलकूपों में से 95 नलकूप बिजली आपूर्ति एवं पाइपछिद्रन दोष के कारण विगत तीन वर्षों से बन्द है जिससे किसान सिंचाई करने से वंचित है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी बन्द पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*205. डॉ० अब्दुल गफूर : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के कोसी बाँध डुमरी सुपौल के जलय पूर्णवास तक सड़क कच्ची रहने के कारण आमलोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*206. श्री भाई बीरेन्द्र—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मनेर प्रखंड स्थित मंगल पाल पंचायत के दियारा क्षेत्र में सारे गाँव एवं किर्ता चौहत्तर पूर्वी के छियत्तर तथा महावीर टोला के बंद जमीन की विगत् दो वर्षों से गंगा नदी के कटाव जारी रहने के कारण लोगों में भय व्याप्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कटाव की रोक-थाम हेतु अभीतक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कटाव की रोक-थाम और जान-माल की सुरक्षा हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*207. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत मधेपुर एवं घोघरडीहा प्रखंड स्थित कोसी बाँध एवं मटरस गाँव के बीच भूतही बलान नदी पर तडीहा कोसी बाँध एवं बोचही गाँव के बीच भूतही बलान नदी पर कोसी बाँध एवं करहारा गाँव के बीच भूतही बलान नदी पर कोसी तटबंध एवं रमपुरा गाँव के बीच भूतही बलान नदी पर पश्चिमी कोसी तटबंध के किनारे बलथी घाट पर, बिसहरिया (घोघरडीहा) एवं फोकचाहा (मधेपुर) गाँव के बीच गेहूँमा नदी पर पुल निर्माण हेतु दिनांक 30 मई, 2012 एवं दिनांक 9 अप्रील, 2013 को प्रश्नकर्ता सदस्या ने मंत्री, पथ निर्माण विभाग को पत्र लिखकर आग्रह किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित पुलों के निर्माण हेतु अभीतक सरकार द्वारा किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पुलों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूरा करना

*208. श्री रामेश्वर पासवान—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकन्दरा प्रखंड अंतर्गत कुण्डधारी जलाशय योजना का शिलान्यास दिनांक 24 दिसम्बर, 2008 को किया गया था और 2010 में कार्य पूरा हो जाना था किन्तु इस जलाशय योजना का डैम का कार्य अभीतक शुरू भी नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार डैम का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप लगाना

*209. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के परड़ी पंचायत स्थित सियानी चौड़, रही बाँध, साहो पंचायत के सहरी स्थित चौड़, लंका, धुरहर स्थित चौड़, कहुआ पंचायत के जगदीशपुर स्थित चौड़ तथा बहेड़ी प्रखंड के पंचायत इनाई, नारायण दोहत, शेर, बन्दुहली इत्यादि गाँवों में स्टेट ट्युबवेल (राजकीय नलकूप) नहीं रहने से किसानों को पटवन कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त ग्रामों के चौड़, बाँध में कबतक राजकीय नलकूप लगाने का विचार रखती है ?

कार्य प्रारम्भ करना

*210. श्री रामेश्वर पासवान—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के इस्लाम नगर, अलीगंज प्रखंड अंतर्गत घाडधर जलाशय योजना का निर्माण वर्ष 2013 तक कराने की योजना थी किन्तु अभीतक इस योजना का कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में योजना का कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*211. श्री राम बालक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर विधान-सभा के बी०डी०एन०आर० कल्याणपुर से पी०एम०जी०एस०वाई० सुरौली तक सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल-पुलिया का निर्माण

*212. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कराय-परशुराय प्रखंड के सांध पंचायत के सलेमपुर ग्राम के दक्षिण अवस्थित लोकाइन नदी से महादलित टोला होते हुये समधीनियां रोड पक्की सड़क तक तटबंध मरम्मती एवं पुल-पुलिया का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त गाँव एवं आस-पास के गाँवों के सैकड़ों बीघा फसल की बर्बादी होती है तथा बरसात के दिनों में जन-जीवन असुरक्षित हो जाता है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, क्या सरकार उक्त तटबंध की मरम्मती एवं पुल-पुलिया का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*213. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड के गनौल मौजमा काली मंदिर के पास गंगा की छोटी धार में पुल निर्माण हेतु मुख्य मंत्री सेतु योजना के तहत 2012-13 में ही जिला से प्रस्ताव पास कर भेजा गया था;

(2) क्या यह बात सही है प्रस्तावित पुल का डी०पी०आर० बनकर तैयार है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक पुल निर्माण प्रारंभ करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*214. श्री बीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड अंतर्गत बिशुनपुर रोड में केनारचही महादलित टोला तक कोई पक्की सड़क नहीं है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*215. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के रून्नीसैदपुर से बेलसंड पथ का निविदा विगत 6 माह पूर्व की गयी है लेकिन आजतक जर्जर पथ का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*216. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना से नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड में भुआल चक से चुल्हाय बिगहा तथा पकरीबरावां प्रखंड में पकरीबरावां से हसनगंज पथ का निर्माण कार्य शुरू किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों के निर्माण कार्य में सिर्फ मिट्टी तथा जी०एस०बी० कार्य किया गया है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि उपलब्ध कराना

*217. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सचिव, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विभागीय पत्रांक 144149, दिनांक 3 अप्रैल, 2013 एवं पत्रांक 3944, दिनांक 12 अप्रैल, 2010 द्वारा जिला पदाधिकारी, गोपालगंज से बाढ़ कटाव से विस्थापित परिवारों को इंदिरा आवास निर्माण हेतु सूची की माँग की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा पत्रांक 1832, दिनांक 10 दिसम्बर, 2012 द्वारा 39.60 लाख रुपये, पत्रांक 711, दिनांक 7 मई, 2013 द्वारा 61.60 लाख रुपये, पत्रांक 669, दिनांक 7 अप्रैल, 2013 द्वारा 32.20 लाख रुपये आवंटन की माँग की गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि बाढ़ कटाव से विस्थापित परिवारों को इंदिरा आवास निर्माण हेतु राशि उपलब्ध नहीं कराई गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

---

बोरिंग चालू करना

*218. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला अन्तर्गत तरियानी प्रखंड के नरवारा गाँव में वर्ष 1990 से कृषि कार्य हेतु बोरिंग गाड़ा गया परन्तु अभीतक उस बोरिंग से किसानों का पटवन प्रारंभ नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बोरिंग को चालू कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई सुविधा देना

*219. श्री बृज किशोर बिन्द—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अंतर्गत चाँद प्रखंड में स्थित खरौली वीयर से सोगर सीमा तक माईनर का जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण 2,000 हजार एकड़ जमीन की सिंचाई नहीं हो पाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिंचाई नहीं होने के कारण किसानों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त माईनर का जीर्णोद्धार कराकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

अभियंता का पदस्थापन

*220. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल-2, किशनगंज में सहायक अभियंता के चार एवं कनीय अभियंता के आठ सृजित पद हैं, जिनमें क्रमशः दो एवं चार अभियंता ही पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि अभियंताओं की कमी के कारण उक्त प्रमंडल के गुणात्मक कार्यों के क्रियान्वयन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर अभियंता को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*221. श्री महेश पासवान—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के पुलवा प्रखंड के पोठिया बाजार से गोरियर तक जाने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*222. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड के कुचायकोट पंचायत के ग्राम पोखर मिण्डा के दिलीप शर्मा के घर से एन०एच० 28 में जोड़ने वाली सम्पर्क सड़क, नाला तथा पुलिया विगत 10 वर्षों से काफी जर्जर है, जिससे आमजन सहित स्थानीय पदाधिकारी को प्रशासनिक नियंत्रण करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सम्पर्क सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क बनाना

*223. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत महिषी प्रखंड के थनवार झाड़ा तक सड़क कच्ची रहने के कारण आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*224. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के ग्राम पंचायत मोकमा के अंतर्गत महादलित टोला जिया लाल राम के घर से हिरंवा होते हुये मोकमा नहर तक कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य दिनांक 13 जुलाई, 2013 को पत्र द्वारा स्थानीय पदाधिकारियों को ध्यान आकृष्ट किया था, परन्तु अभीतक किसी प्रकार का पहल इस दिशा में नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का कालीकरण

*225. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रखंड हथुआ के ग्राम पंचायत राज जीगना जग्रनाथ के ग्राम जीगना जग्रनाथ कमला प्रसाद के गोला से निकलकर एन०एच० 85 को जोड़ने वाली पथ को गड्ढों एवं जगह-जगह टूट जाने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*226. श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी--दिनांक 20 जनवरी, 2014 को स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''जातीय आर्थिक जनगणना में भाड़ी गड़बड़ी'' क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना 2011 में ई०सी०आई०एल० के सॉफ्टवेयर में आई तकनीकी खराबी के कारण प्रकाशित औपबंधिक सूची में अनेकों त्रुटियाँ प्रकाश में आयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त त्रुटि के निराकरण हेतु हजारों हजार की संख्या में आम जनता राज्य के प्रखंड मुख्यालयों पर भीड़ लगायी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जातीय आधारित आर्थिक जनगणना में हुई इन त्रुटियों के लिये कौन-कौन पदाधिकारी दोषी हैं, तथा सरकार उनके विरुद्ध कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

पुल का निर्माण

*227. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत दुधार से जमेहार को जोड़ने वाली पथ सिरीस से जमेहार को जोड़ने वाली पथ तथा परसिया से जमेहार को जोड़ने वाली पथ में बटाने नदी तथा पुनपुन नदी में पुल नहीं होने से आवागमन बाधित रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*228. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखंड के सिसौनी ग्राम पंचायत की आम जनता महिलाओं एवं स्कूली छात्रों को गाँव से बाहर जाने में नदी (चौर) को पार करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम पंचायत में पड़ने वाली नदी (चौर) पर कोई पुल नहीं है, जिससे ग्रामीणों को बरसात में भारी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*229. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखण्ड अंतर्गत मसौधा से शांतिनगर महादलित टोला तक कोई पक्की सड़क नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है, परन्तु आवागमन की समुचित सुविधा नहीं होने के कारण अपराध नियंत्रण प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*230. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2008-09 में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड में शेरपुर-आजमपुर पथ पी० डब्ल्यू०डी० से सुल्तानपुर पथ, काशीचक प्रखण्ड में मधेपुर-बेलड पथ तथा पकरीबरावाँ प्रखण्ड में पी०डब्ल्यू०डी० से जसत पथ, पी०डब्ल्यू०डी० से एरूरी-भलुकी पथ, पी०डब्ल्यू०डी० से बिहटा, मेहदीपुर पथ का निर्माण कार्य शुरू किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों के निर्माण कार्य में सिर्फ मिट्टी तथा जी०एस०बी० कार्य किया गया है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी बनाना

*231. श्री तारकिशोर प्रसाद—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कटिहार नगर में श्रम कल्याण केन्द्र का परिसर चहारदीवारी के अभाव में अतिक्रमित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार श्रम कल्याण केन्द्र परिसर को पक्का चहारदीवारी से घेरने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*232. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड के बसीजलाल पंचायत एवं त्रिलोकचक पंचायत के कनकपुर के बीच मही नदी पर पुल निर्माण हेतु वर्ष 2011-12 एवं वर्ष 2012-13 के लिये जिला संचालन समिति द्वारा अनुमोदित सूची में दर्ज है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आम लोगों को नदी पार करने हेतु बाँस की चचरी पर आना-जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वीयर बनाना

*233. श्री सोने लाल हेम्ब्रम—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी प्रखण्ड में चान्दन जलाशय योजना से निकली नारायण एवं डकाई वीयर वर्ष 1995 के बाढ़ में बह गया जिससे हजारों एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि नारायण वीयर एवं डकाई वीयर से निकलने वाले नहर की मरम्मती में 1995 के बाद करोड़ों रुपया खर्च किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नारायण वीयर एवं डकाई वीयर बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*234. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुलतानगंज प्रखण्ड के दौलतपुर-कटहरा पी०एम०जी०एस०वाई० पथ में बडुआ नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से बाँस की चचरी पर वाहनों एवं पैदल लोगों का आवागमन हो रहा है, जो खतरनाक है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क की मरम्मती

*235. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि तारापुर प्रखण्ड के तारापुर पंचायत में ग्राम-मोहनगंज के श्री जयमंगल पोद्दार के घर से आईसक्रीम फैक्ट्री तक सड़क की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लूईस गेट का निर्माण

*236. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत नगर पंचायत, सुगौली में निमुईनाशी एवं सिंगहा नाला में स्लूइस गेट नहीं होने के कारण बरसात के समय सिकरहना नदी के जल स्तर बढ़ने से इन नालों द्वारा सम्पूर्ण नगर पंचायत क्षेत्र सुगौली में अवशिष्ट जल का प्रवाह अवरुद्ध होकर विपरीत दिशा में बहता है जिससे आवासित नगरवासियों को घोर कष्ट का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निमुईनाशी एवं सिंगहा नाला में स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*237. श्री बृज किशोर सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड कार्यालय विगत 25 वर्षों से किराये के मकान पर चल रहा है, जबकि उक्त प्रखण्ड को अपना जमीन 17-एकड़ उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मोतीपुर प्रखण्ड का अपना भवन बनाकर कार्यालय को स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*238. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली के माली पंचायत अवस्थित शीतलपुर के निकट संतुरिया नाला के अनियमित जल प्रवाह से स्थानीय कृषकों को सिंचाई हेतु अत्यंत असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार संतुरिया नाला पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*239. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा प्रखंड के बथनाहा पंचायत के रामनगर ग्राम में माँझी राय के घर से भंडारी के घर होते हुये एन०एच० पर साइकिल दुकान नया चौक से बथनाहा जानेवाली सड़क, सोनौल महोदय स्व० ठाकुर रामदेव सिंह डेरा होकर हिरोलवा से डिस्टी होकर सहियारा तक, बदुरी ग्राम से राजन सिंह के टोला होकर सहियारा थाना तक कच्ची सड़क रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में अत्यंत कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण करना

*240. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कन्सलटेंट आइओलीजा को गोपालगंज जिले के सिधवलिया, बैकुण्ठपुर एवं बरौली प्रखण्ड के सलेमपुर पूर्वी-पश्चिमी, हसनपुर, रूदौवाँ, पिपरा, खजुरिया, रामपुर पंचायतों में प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत वर्ष 2012-13 में सर्वे कार्य करने हेतु दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल-2, गोपालगंज द्वारा पत्रांक 939, दिनांक 12 दिसम्बर, 2013 के माध्यम से सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को उक्त तीनों प्रखण्ड में सर्वे कन्सलटेंट आईओलीजा द्वारा सर्वे कार्य पूर्ण नहीं करने एवं डी०पी०आर० तैयार नहीं करने की सूचना दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक तीनों प्रखण्डों के गाँवों का सर्वे कार्य पूर्ण करना चाहती है और नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-शाखा की मरम्मती

*241. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के ग्राम-बरैल से प्रखंड खजौली के ग्राम-सुक्की तक अवस्थित पश्चिमी कोसी नहर में वितरणी एवं उप-वितरणी की सभी शाखा खराब रहने के कारण इस इलाके के किसानों को जमीन की सिंचाई करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-बरैल से लेकर ग्राम-सुक्की तक सभी शाखा एवं उप-शाखा की मरम्मती कर चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*242. श्री संजय सिंह (टाइगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सोन नदी पर कोइलवर में नये पुल का निर्माण तथा कोइलवर से बक्सर तक की सड़क को फोर लेन में तब्दील करने का कार्य वर्ष 2012 से 2015 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है परन्तु अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण नहीं होने तथा सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोइलवर में पुल निर्माण एवं कोइलवर से बक्सर तक सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य नहीं करने का औचित्य

*243. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, सीवान ने अपने पत्रांक 139, दिनांक जनवरी, 2012 द्वारा अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, गोपालगंज को सारण तटबंध एवं छरकीयों पर पूर्व निर्मित एन्टी फल्ड स्लूईस की पूर्ण स्थापना एवं निर्माण से संबंधित प्राक्कलन की माँग की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण, ठकरहाँ शिविर, गोपालगंज के पत्रांक 265, दिनांक 6 मार्च, 2012 के द्वारा सारण तटबंध एवं उनसे संबंधित छरकीयों महारानी, दीपठ, मटियारी, सलेमपुर, टडंसपुर एवं हसनपुर छरकीयों पर पूर्व निर्मित एन्टी फल्ड स्लूईस का पूर्ण स्थापना एवं निर्माण से संबंधित प्राक्कलन कार्रवाई हेतु समर्पित की गयी थी, परन्तु अबतक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सारण तटबंध एवं छरकीयों में पूर्व से निर्मित एन्टी फल्ड स्लूईस का पूर्ण स्थापन का कार्य अबतक नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---------

ढलान का निर्माण

*244. श्री भोला राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा प्रखण्डान्तर्गत झौआ, चाँदपुर महानन्दा पश्चिम तटबंध के समीप कचोरा बस्ती में तटबंध निर्माण के साथ कचोरा ग्रामवासी की सुख-सुविधा हेतु ग्राम सम्पर्क ढलानों का निर्माण किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1987 की भीषण बाढ़ से कचोरा गाँव के पास तीनों ढलानों में दो ढलानों के साथ 25-35 चेन तक तटबंध पानी में बह गया था तथा उक्त दोनों ढलानों का निर्माण अबतक नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष दो ग्राम सम्पर्क मुख्य ढलानों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना:
दिनांक 19 फरवरी, 2014 (ई०) ।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 140 डी०टी०पी० 450